प्रेषक,

जिलाधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में,

निदेशक,
एन० आई० सी० उत्तराखण्ड
देहरादून।

पत्रांकः3768 /आई०टी०/2010-11 दिनांकः21 दिसम्बर 2010

विषयः कोषागार चम्पावत में स्वान नैटवर्क पर इंटरनैट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि पूर्व में कोषागार चम्पावत में इंटरनैट की सुविधा एन०आई०सी० के माध्यम से प्राप्त हो रही थी, किन्तु इस माह के प्रारंभ से उक्त सुविधा एन०आई०सी० द्वारा उपलब्ध नहीं करायी जा रही है।

वर्तमान में कोषागार स्वान नैटवर्क से जुड़ा हुआ है, किन्तु उसमें मात्र सरकार की वैबसाइट्स ही उपलब्ध हैं। वर्तमान में संचार क्रान्ति के दौर में इंटरनैट को सीमित किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता।

अतः कोषागार चम्पावत के उपयोगार्थ स्वान नैटवर्क पर ही इंटरनैट की सुविधा भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि कोषागार स्तर पर इंटरनैट पर उपलब्ध जानकारियों का प्रयोग बेहतर प्रबंधन, ज्ञान और नवीन विचारों के सन्दर्भ में किया जा सके।

उक्त प्रकरण पर आपका व्यक्तिगत ध्यान एवं शीर्ष प्राथमिकता अपेक्षित है।

भवदीय,

21/12/10

(डॉ० पंकज कुमार पाण्डेय)
जिलाधिकारी
चम्पावत।
दूरभाषः 05965 230285
ईमेलः dm-chp-ua@nic.in

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1.वरिष्ठ कोषाधिकारी, चम्पावत।
2.जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, चम्पावत।

(डॉ० पंकज कुमार पाण्डेय)
जिलाधिकारी
चम्पावत।